Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps and allocate funds to clean Waldhuni and Ullas rivers in Kalyan Parliamentary Constituency, Maharashtra.

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आज मैं अपने चुनाव क्षेत्र की बहुत ही गंभीर समस्या की ओर इस सभागृह का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ । मेरे चुनाव क्षेत्र में दो नदियां वालधुनी और उल्लास हैं, जो 50 लाख लोगों की प्यास बुझाने का काम करती हैं । लेकिन आज वालधुनी नदी नाले का रूप ले चुकी है और उल्लास नदी भी प्रदूषित हो चुकी है । यह नदियां 5 शहरों से होकर गुजरती हैं । नदियों के दूषित होने का कारण यह है कि शहरों के अनट्रिटेड सीवरेज वॉटर इन नदियों में जाकर मिल जाते हैं । वहां के सभी जल स्रोत भी दूषित हो चुके हैं, जिससे पानी की बड़ी गंभीर समस्या उत्पन्न हो चुकी है । सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्यों को और नगरपालिकाओं को आदेश दिया है कि इसका प्रदूषण जल्द से जल्द रोका जाए, लेकिन पैसे की कमी के कारण इस नदी प्रदूषण से निपटने के लिए यहां की नगरपालिकाएं असमर्थ है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से जलशक्ति मंत्रालय को यह निवेदन करता हूँ कि जैसे गंगा नदी को स्वच्छ करने के लिए नमामि गंगे की स्थापना की और 20 हजार करोड़ के बजट में प्रावधान किया, उसी तरह इन दोनों नदियों के लिए भी जलशक्ति मंत्रालय प्रावधान करे ।

मैं यह भी निवेदन करता हूं कि इस नदी प्रदूषण को रोकने के लिए थर्ड पार्टी मॉनीटरिंग का काम नीरी जैसी संस्था को दें और एमआईडीसी, नगरपालिका आदि संस्थाएं नीरी को रिपोर्ट करें और जल्द से जल्द इस नदी को प्रदूषण से मुक्त करें ।